AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

बीकॉम, बीजेएमसी, एलएलबी का सीट अलॉटमेंट किया जारी

लविवि : 23 तक जमा करें सीट कंफर्मेशन शुल्क

माई सिटी रिपोर्टर

मंगलवार देर रात तक चलता रहा बीबीए-बीसीए के लिए रजिस्ट्रेशन

लखनऊ। लविवि प्रशासन ने नए सत्र 2022-23 की चल रही स्नातक प्रवेश प्रक्रिया के क्रम में मंगलवार को पहले चरण का सीट अलॉटमेंट जारी कर दिया। अभ्यर्थी अपनी लॉगिन आईडी से अपना सीट अलॉटमेंट देख सकते हैं और उन्हें 23 सितंबर की रात 12 बजे तक अपना सीट कंफर्मेशन शुल्क जमा कर अपनी सीट सुरक्षित करनी होगी। इसके बाद दूसरे चरण की प्रवेश काउंसिलिंग होगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स, एलएलबी फाइव ईयर, बीजेएमएसी, बीएलएड, बीएससी एग्रीकल्चर व बीवीए-बीएफए कोर्स की च्वॉइस फिलिंग 16 से 18 सितंबर तक कराई थी। इसमें 8000 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराकर च्वॉइस फिलिंग की थी। विवि प्रशासन ने मंगलवार शाम इनका सीट अलॉटमेंट जारी कर दिया। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर इसे देख सकते हैं। जो अभ्यर्थी आवंटित सीट पर प्रवेश चाहते हैं वे ऑनलाइन ही अपनी फीस जमा कर दें।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि अगर अभ्यर्थी को उसकी प्रथम वरीयता की सीट नहीं अलॉट हुई है तो वह ऑनलाइन कंफर्मेशन शुल्क जमाकर अपग्रेड का भी चयन कर सकते हैं। सीट कंफर्मेशन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर है। वहीं दूसरी तरफ बीबीए, बीसीए व डीफार्मा कोर्स की च्वॉइस फिलिंग प्रक्रिया मंगलवार देर रात तक जारी रही। मंगलवार को इसका आखिरी दिन था। जबकि सोमवार शाम से शुरू हुई बीए एनईपी, बीएससी बायो व बीएससी मैथ्स की च्वॉइस फिलिंग 22 सितंबर तक चलेगी।

राहत | लखनऊ विश्वविद्यालय में विज्ञान संकाय के शोधार्थियों से मिले कुलपति, जारी हुआ आदेश

पोस्टर प्रजेंटेशन की मान्यता में अब नहीं फंसेगी थीसिस

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि के विज्ञान संकाय के बहुत से शोधार्थियों की थीसिस डीन के स्तर पर इसलिए नहीं फारवर्ड की जा रही थी क्योंकि उन्होंने इसमें अपनी थीसिस के साथ पोस्टर प्रजेंटेशन का प्रमाण लगाया था। इसकी गिनती नहीं की जा रही थी। लेकिन मंगलवार को पहले छात्रों ने इस मामले में डीन साइंस प्रो. बृजेंद्र सिंह और फिर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय से मुलाकात की तब समाधान निकल सका।

जंतु विज्ञान विभाग के शोधार्थियों ने बताया कि उन्होंने अपनी थीसिस डीन के यहां जमा की थी और इसके सपोर्ट में अन्य कागजों के साथ सेमिनार व कांफ्रेंस में प्रस्तुत किए गए पोस्टर प्रजेंटेशन से संबंधित कागज लगाए थे जिसे डीन नहीं मान रहे थे। इसकी वजह से उनकी थीसिस फंसी हुई थी। उन्होंने बताया कि कई जगह पर कॉन्फ्रेंस में शोधार्थी अपना ओरल प्रजेंटेशन करते हैं तो कई जगह पोस्टर प्रजेंटेशन ही होता है। विवि के नियमों में भी इसे मान्यता दी गई है लेकिन उनकी थीसिस फंसी हुई थी। मंगलवार को इस मामले में छात्र पहले डीन से मिलने पहुंचे लेकिन डीन उनके तर्कों से संतुष्ट नहीं हुए। फिर वे कुलपति प्रो. आलोक राय से मिलने गए। कुलपति ने डीन और हेड प्रो. एम सेराजुद्दीन को भी बुलाया और वार्ता की। प्रो. राय ने बताया कि शोधार्थियों की बात सही थी। इसका समाधान निकाल दिया गया है और इससे संबंधित आदेश भी जारी कर दिया गया है। वहीं रजिस्ट्रार संजय मेधावी की ओर से डीन साइंस को पत्र भेजकर कहा गया है कि विभिन्न शोध अध्यादेशों में प्रावधान है कि शोध ग्रंथ जमा करते समय शोधार्थी सेमिनार या कॉन्फ्रेंस में शोध पत्र प्रस्तुत करने के साक्ष्य प्रस्तुत करेंगे। कहा, विवि प्रशासन के इस मामले का निस्तारण करने से काफी शोधार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी।

विद्यार्थियों की उपस्थिति का रखें रिकॉर्ड

लविवि प्रशासन की ओर से सभी डीन, हेड व निदेशकों को पत्र जारी कर कहा गया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा दशमोत्तर छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया को लेकर कई बदलाव किए गए हैं। साथ ही हर स्तर पर जवाबदेही निर्धारित की गई है। शासन की ओर से कुल क्लास के सापेक्ष 75 फीसदी अटेंडेंस अनिवार्य की गई है। इसे देखते हुए सभी की ओर से कक्षाओं व प्रत्येक छात्र की उपस्थिति आदि की विस्तृत जानकारी/रिकॉर्ड सुरक्षित रखें। इसी के अनुसार छात्रवृत्ति व परीक्षा फार्म को अग्रसारित करें।

लखनऊ विवि : एलएलएम दूसरे और चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 24 से

लखनऊ। लविवि व सहयुक्त महाविद्यालयों की एलएलएम दूसरे व चौथे सेमेस्टर की नियमित सीबीसीएस की परीक्षाएं 24 सितंबर से शुरू होंगी। विवि प्रशासन ने इसका विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है। इसके अनुसार एलएलएम दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 सितंबर से 10 अक्तूबर तक और दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 से 30 सितंबर तक दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होंगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

एलयू: सीट आवंटन पत्र आज से मिलेंगे

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक प्रवेश 2022 की ऑनलाइन काउंसलिंग जारी है। पहले चरण की कांउसिलंग में बी बीकॉम, बीकॉम आनर्स, एलएलबी पांच वर्षीय, बीजेएमसी, बीएलएड, बीवीए-बीएफए की 16 से 18 सितम्बर तक हुई थी। काउंसलिंग में आठ हजार ने च्वाइस फिलिंग पूरी की थी। च्वाइस फिलिंग पूरी करने वाले अभ्यर्थियों को मेरिट सूची में वरीयता के क्रम में सीट आवंटन पत्र 21 सितम्बर को 12 दोपहर बजे उपलब्ध करा दिया जाएगा। एलयू प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि काउंसलिंग में शामिल अभ्यर्थी अपनी लॉगिन आईडी से अपना सीट आवंटन पत्र देख सकेंगे। बाद प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को ऑनलाइन फीस जमा करनी होगी।

HINDUSTAN PAGE 5

एलएलएम दूसरे-चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 24 से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने एलएलएम दूसरे और चौथे सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। एलएलएम रेगुलर दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा 24 से 12 अक्तूबर तक होंगी। दूसरे सेमेस्टर में प्रश्न पत्र 24, 26, 28, 30 सितम्बर एवं आठ अक्तूबर, 10 एवं 12 अक्तूबर को दोपहर दो से पांच की पाली में होंगे। एलएलएम चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 24, 26, 28 एवं 30 को होगी।

दूसरे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा 28 को

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय बीए द्वितीय सेमेस्टर की शारीरिक शिक्षा विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 28 सितम्बर को होगी। जिन अभ्यर्थियों ने शारीरिक शिक्षा विषय का चयन किया है उन्हें 28 सितम्बर को सुबह 8 .30 बजे एलयू के छत्रपति शिवाजी मैदान पर प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए पहुंचना होगा।

i-NEXT PAGE 4

विज्ञान संकाय में जमा हो सकेंगी पीएचडी थीसिस

वीसी से बताई अपनी समस्या, फौरन हुआ समाधान

LUCKNOW (20 Sept) : लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में पीएचडी थीसिस जमा करने का रास्ता अब साफ हो गया है. अभी तक डीन साइंस की ओर से पोस्टर प्रस्तुतीकरण को मान्य न करके थीसिस फारवर्ड नहीं की जा रही थी. इसको लेकर मंगलवार को बड़ी संख्या में शोधार्थियों ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के पास जाकर अपनी समस्या बताई. कुलपति ने तत्काल समस्या का समाधान किया.

शोधार्थी थे काफी परेशान

एलयू के विज्ञान संकाय में काफी समय से पीएचडी शोधार्थी पीएचडी थीसिस जमा करने को लेकर परेशान थे. पीएचडी अध्यादेश के अनुसार पीएचडी थीसिस जमा करने के लिए किसी स्टैंडर्ड जरनल में शोध पेपर छपा हो और कांफ्रेंस में दो पेपर की प्रस्तुति की गई हो. डीन साइंस की ओर से पोस्टर प्रस्तुतीकरण को मान्य न करके थीसिस फारवर्ड न किए जाने की बात सामने आ रही थी. मंगलवार को भी 40 से 45 शोधार्थी पहले डीन साइंस के पास पहुंचे, लेकिन वहां बात न बनने पर शोधार्थी कुलपति के पास पहुंच गए और समस्या बताई. कुलपति ने तत्काल डीन साइंस प्रो. बृजेंद्र सिंह व जूलाजी विभाग के हेड प्रो. एम सेराजुद्दीन को बुलाकर समस्या का समाधान कराया.

पत्र जारी कर स्थिति स्पष्ट की

कुलपति के आदेश पर शाम को कुलसचिव संजय मेधावी ने इस संबंध में डीन साइंस को लिखित पत्र जारी करके स्थिति स्पष्ट कर दी. पत्र के मुताबिक, विभिन्न शोध अध्यादेशों में प्रविधान है कि शोध ग्रंथ जमा करते समय शोधार्थी सेमिनार अथवा कांफ्रेंस में शोध पत्र प्रस्तुत करने के साक्ष्य प्रस्तुत करेंगे. इससे स्पष्ट है कि सभी प्रकार के प्रस्तुतीकरण जैसे मौखिक, पोस्टर, आनलाइन तथा आफलाइन मान्य होंगे.

"डीन साइंस की ओर से पोस्टर प्रस्तुतीकरण को मान्य न करके थीसिस फारवर्ड नहीं की जा रही थीं. शोधार्थी अपनी समस्या लेकर मिलने आए थे, जिसके बाद उन्हें लिखित रूप से आदेश जारी करके समस्या का समाधान कराया गया.
प्रो. आलोक कुमार राय, कुलपति, एलयू

यूजी एडमिशन के पहले चरण में सात कोर्सेज में सीटों का आवंटन

कैंडीडेट्स बुधवार की दोपहर 12 बजे के बाद देख सकेंगे अपना सीट आवंटन

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (20 Sept): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने मंगलवार शाम को ग्रेजुएशन कोर्सेज के पहले चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया के तहत सात कोर्सेज में एडमिशन के लिए च्वाइस फिल करने वाले कैंडीडेट्स को सीट आवंटित कर दिया गया है. सभी आवंटन कैंडीडेट्स के द्वारा फिल की गई च्वाइस की मेरिट के अनुसार किए गए हैं. इनमें बीकाम, बीकाम आनर्स एलएलबी (इंटीग्रेटेड), बीएजेएमसी, बीएलएड, बीएससी एग्रीकल्चर और बीएफए-बीवीए कोर्स में सीटें अलॉट की गई हैं. कैंडीडेट्स यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर एडमिशन पेज पर जाकर अपने लागइन आईडी डालकर अपना सीट आवंटन बुधवार को दोपहर 12 बजे के बाद देख सकते हैं.

23 सितंबर रात 12 बजे तक जमा होगी फीस

एडमिशन कोआर्डिनेटर प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि पहले चरण में जो कैंडीडेट्स आवंटित सीट पर एडमिशन चाहते हैं, वे ऑनलाइन फीस जमा कर अपनी सीट कंफर्म कर दें. यदि किसी कैंडीडेट्स को उसकी पहली च्वाइस (वरीयता) नहीं आवंटित हुई है तो वह सीट कंफर्मेशन फीस ऑनलाइन जमा करके अपग्रेडेशन का चयन कर सकता है. सीट कंफर्मेशन फीस जमा करने की लास्ट डेट 23 सितंबर को रात 12 बजे तक है. गौरतलब है कि इन सात कोर्सेज में 16 से 18 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन व च्वाइस भरने का मौका दिया गया था. इनमें आठ हजार कैंडीडेट्स ने विकल्प भरा था.



23 सितंबर को रात 12 बजे तक है लास्ट डेट

08 हजार कैंडीडेट्स ने विकल्प भरा था

बीएड के पहले चरण की काउंसिलिंग 30 सितंबर से होगी शुरू

LUCKNOW (20 Sept): बीएड 2022 की पहले चरण की काउंसिलिंग 30 सितंबर से होगी. पहले चरण की काउंसिलिंग 31 अक्टूबर तक चलेगी. उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. सुधीर एम बोबड़े ने काउंसिलिंग का संशोधित आदेश जारी कर दिया है. 10 अक्टूबर से शैक्षिक सत्र की शुरुआत हो जाएगी. बीएड 2022 की प्रवेश परीक्षा बरेली के महात्मा ज्योतिबा फूले रुहेलखंड यूनिवर्सिटी ने करवाई है. पहले चरण के बाद सत्र की शुरुआत 10 अक्टूबर को होगी. इसके बाद पूल काउंसिलिंग 7 से 15 नवंबर तक चलेगी और इसके बाद निजी कॉलेज डायरेक्ट काउंसिलिंग करवा सकेंगे. डायरेक्ट काउंसिलिंग 21 से 25 नवंबर तक चलेगी. यूपी बीएड जेईई 2022 की प्रवेश परीक्षा का आयोजन 6 जुलाई को किया गया. बीएड के लिए 667463 कैंडीडेट्स ने आवेदन किया था. इसमें 615021 कैंडीडेट्स का परिणाम जारी किया गया है. प्रदेश में बीएड की 2.25 लाख सीट है और पिछले वर्ष 50 फीसदी से ज्यादा सीटें खाली रह गई थी. पूल काउंसलिंग में वे सभी हिस्सा ले सकेंगे, जिन्होंने मुख्य काउंसलिंग में हिस्सा नहीं लिया या फिर हिस्सा लेने के बाद भी सीटें एलॉट नहीं हुई या फिर सीट भी अलॉट हुई पर बैलेंस फीस का समय पर भुगतान नहीं कर पाए.

कल तक मिलेगा मौका

बीए (एनईपी), बीएससी बायो व मैथ में रजिस्ट्रेशन के साथ च्वाइस भरने के लिए कैंडीडेट्स के पास गुरुवार तक मौका है. च्वाइस फिलिंग के विकल्प में जाकर अपने पूर्व में दिए गए लागिन आइडी के माध्यम से विकल्प भर सकते हैं.

शिया कालेज ने यूजी की वेटिंग मेरिट लिस्ट जारी की

LUCKNOW (20 Sept): शिया पीजी कालेज ने मंगलवार को यूजी के बीए, बीएससी व बीकाम में वेटिंग स्टूडेंट्स की मेरिट लिस्ट जारी कर दी. कैंडीडेट्स मेरिट सूची कालेज के एडमिशन पोर्टल www.shiapgcollege.ac.in पर देख सकते हैं. एडमिशन कमेटी के डायरेक्टर डॉ. मिर्जा मोहम्मद अबु तैय्यब ने बताया कि वेटिंग मेरिट लिस्ट में चयनित कैंडीडेट्स अपनी एडमिशन फीस कालेज के एडमिशन पोर्टल पर जाकर 25 सितंबर तक जमा कर सकते है. उनकी काउंसिलिंग आनलाइन ही होगी. बीए, बीएससी व बीकाम फरर्ट सेमेस्टर में एडमिशन के लिए दूसरी मेरिट सूची 25 सितंबर को जारी की जाएगी.

वेटिंग लिस्ट का कटआफ

- बीकाम बायज रेगुलर : 65.36 से 62.86 फीसद तक
- बीकाम गर्ल्स रेगुलर : 69.49 से 68.45 फीसद
- बीकाम बायज सेल्फ फाइनेंस : 62.73 से 58.32 फीसद
- बीकाम गर्ल्स सेल्फ फाइनेंस : 68.84 से 67.42 फीसद
- बीए ब्वायज : 68.42 से 59.37 फीसद
- बीए गर्ल्स : 72.89 से 57.81 फीसद
- बीएससी जंतु विज्ञान वर्ग ब्वायज : 71.70 से 63.89 फीसद
- बीएससी जंतु विज्ञान वर्ग गर्ल्स : 77.29 से 73.02 फीसद

JAGRAN CITY PAGE I & III

लखनऊ विश्वविद्यालय के सात कोर्सों में सीटें आवंटित

एलएलएम दूसरे, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 से

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार शाम को स्नातक के सात पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए अभ्यर्थियों की मेरिट व पसंद के अनुसार पहले चरण का सीट आवंटन कर दिया। इनमें बीकाम, बीकाम आनर्स एलएलबी (पांच वर्षीय), बीएजेएमसी, बीएलएड, बीएससी एग्रीकल्चर और बीएफए-बीवीए कोर्स शामिल है।

अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एडमिशन पेज पर जाकर अपने लागइन आइडी का प्रयोग करके सीट आवंटन बुधवार को दोपहर 12 बजे के बाद देख सकते हैं।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि पहले चरण में जो अभ्यर्थी आवंटित सीट पर प्रवेश चाहते हैं, वह आनलाइन फीस जमा कर दें। किसी को उसकी प्रथम च्वाइस नहीं आवंटित हुई है तो वह सीट कंफर्मेशन फीस आनलाइन जमा करके अपग्रेडेशन का चयन कर सकता है। सीट कंफर्मेशन फीस जमा करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर को रात 12 बजे तक है। इन सात कोर्सों में 16 से 18 सितंबर तक पंजीकरण व विकल्प भरने का मौका दिया गया था। इनमें आठ हजार अभ्यर्थियों ने विकल्प भरा था। बीए (एनईपी), बीएससी बायो व गणित में पंजीकरण के साथ च्वाइस भरने के लिए गुरुवार तक मौका है। च्वाइस फिलिंग के विकल्प में जाकर पूर्व में दिए गए, लागइन आइडी से विकल्प भर सकते हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय के एलएलएम दूसरे व चौथे रेगुलर (सीबीसीएस) सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया। दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं, 24 सितंबर से 12 अक्टूबर तक होंगी। वहीं, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाओं की तिथि 24 से 30 सितंबर तय की गई है।

एलएलएम दूसरा सेमेस्टर : 24 सितंबर-लीगल फिलासफी-2, 26 सितंबर-ला एंड जस्टिस इन ग्लोबलाइज्ड वर्ल्ड, 28 सितंबर-फैमिली जूरिस्प्रूडेंस, 30 सितंबर-रिसर्च मेथेडोलाजी, आठ अक्टूबर-एल्टरनेट डिस्प्यूट रेसोलुशन, 10 अक्टूबर क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम एंड एचआर, 12 अक्टूबर-इंडियन सोसाइटी एंड कल्चर, सोशल सिक्यूरिटी ला एंड इंडिया।

एलएलएम चौथा सेमेस्टर : 24 सितंबर- स्पेशल कांट्रैक्ट एंड ई-कांट्रैक्ट, 26 सितंबर-इंट्रा डिपार्टमेंटल साइबर ला, सिक्यूरिटी ला, 28 सितंबर-इलेक्टिव-1, 30 सितंबर-इलेक्टिव-2

बीएससी फिजिक्स द्वितीय सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा 25 से : लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएससी फिजिक्स द्वितीय सेमेस्टर (रेगुलर) की प्रयोगात्मक परीक्षा 25 से 27 सितंबर तक होंगी। विभाग के हेड प्रो. एनके पांडेय ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

शोध ग्रंथ शुल्क जमा होने में दिक्कत: लवि के पीएचडी पाठ्यक्रमों में पंजीकृत शोधार्थियों की ओर से न्यूनतम अवधि पूरी होने पर शोध ग्रंथ जमा करने के लिए यूडीआरसी पोर्टल पर शुल्क नहीं जमा हो रहा। उस पर सत्रवार शुल्क जमा करने के लिए प्रदर्शित हो रहा, जबकि पीएचडी अध्यादेश में शोध की गणना प्रथम शुल्क जमा किए जाने से है। कुलसचिव ने यूडीआरसी निदेशक को पत्र लिखकर शुल्क जमा करने की गणना प्रथम शुल्क जमा करने के अनुसार कहा है।

28 को होगी शारीरिक शिक्षा की परीक्षा

लखनऊ विश्वविद्यालय कैंपस के बीए द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2021-22 के जिन छात्रों के पास शारीरिक शिक्षा विषय है, उनकी प्रयोगात्मक परीक्षा 28 सितंबर को सुबह साढ़े छह बजे से होगी। छात्रों को अपनी फाइल व किट के साथ शारीरिक शिक्षा विभाग के छत्रपति शिवाजी मैदान पर समय से पहुंचना होगा।

लवि : सुरक्षित रखना होगा विद्यार्थियों का ब्योरा

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के सभी विभागों को वर्तमान सत्र में संचालित कक्षाओं से लेकर उसमें पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति, अनुक्रमांक, एनरोलमेंट नंबर, परीक्षा में उनकी उपस्थिति आदि का पूरा विवरण संरक्षित रखना होगा। सत्र के अंत में छात्रवृत्ति अनुभाग को यह ब्योरा उपलब्ध कराया जाएगा। यह सारी व्यवस्था दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति में की गई सख्ती को देखते हुए की गई है। इस संबंध में कुलसचिव संजय मेधावी ने मंगलवार को सभी संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों एवं सभी निदेशक व कोआर्डिनेटर को पत्र जारी किया है।

दरअसल, समाज कल्याण विभाग की ओर से दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया में कई बदलाव के साथ-साथ सभी स्तर पर जवाबदेही भी तय कर दी गई है। पिछले सत्र (2021-22) में शुल्क प्रतिपूर्ति एवं छात्रवृत्ति पाने वाले विद्यार्थियों की कुल संचालित कक्षाओं के सापेक्ष उपस्थिति पोर्टल पर पहले ही अनिवार्य रूप से अपलोड करने के लिए कहा जा चुका है।

75 फीसद उपस्थिति की गई अनिवार्य: अब शासन ने शुल्क प्रतिपूर्ति एवं छात्रवृत्ति पाने के लिए लाभार्थी की कुल संचालित कक्षाओं के सापेक्ष 75 फीसद उपस्थिति अनिवार्य कर दी है। ऐसा न होने पर भी धनराशि वापसी और कठोर कार्रवाई का भी प्राविधान है। इसलिए कुलसचिव ने विश्वविद्यालय के सभी विभागों से कहा है कि वे वर्तमान सत्र में संचालित कक्षाओं, प्रत्येक छात्र की उपस्थिति, अनुक्रमांक, एनरोलमेंट नंबर, परीक्षा में उपस्थिति, परीक्षाफल आदि का विवरण संरक्षित करें। परीक्षा फार्म को नियमानुसार ही अग्रसारित किया जाए।

विज्ञान संकाय में अब जमा हो सकेंगी पीएचडी थीसिस

लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में पीएचडी थीसिस जमा करने का रास्ता अब साफ हो गया है। अभी तक डीन साइंस की ओर से पोस्टर प्रस्तुतीकरण को मान्य न करके थीसिस फारवर्ड नहीं की जा रही थी। इसको लेकर मंगलवार को बड़ी संख्या में शोधार्थियों ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के पास जाकर अपनी समस्या बताई। कुलपति ने तत्काल समस्या का समाधान किया।

कुलपति के आदेश पर शाम को कुलसचिव संजय मेधावी ने डीन साइंस को पत्र जारी करके स्थिति स्पष्ट कर दी। पत्र के मुताबिक, विभिन्न शोध अध्यादेशों में प्रविधान है कि शोध ग्रंथ जमा करते समय शोधार्थी सेमिनार अथवा कांफ्रेंस में शोध पत्र प्रस्तुत करने के साक्ष्य प्रस्तुत करेंगे। इससे स्पष्ट है कि सभी प्रस्तुतीकरण जैसे मौखिक, पोस्टर, आनलाइन तथा आफलाइन मान्य होंगे।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि : एलएलएम दूसरे व चौथे सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को एलएलएम दूसरे और चौथे सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। एलएलएम रेगुलर दूसरे सेमेस्टर (सीवीसीएस) की परीक्षा 24 सितम्बर से 12 अक्टूबर तक होंगी। दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा 24, 26, 28, 30 सितम्बर एवं आठ,10 एवं 12 अक्टूबर को दोपहर दो से पांच की पाली में होगी। इसके साथ ही एलएलएम चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 24, 26, 28 व 30 सितम्बर को दोपहर दो से पांच की पाली में होंगी।

24 और 25 को होगा फुपुक्टा का चुनाव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ (फुपुक्टा) का चुनाव अधिवेशन 24 और 25 सितम्बर को कालीचरण पीजी कॉलेज में होगा। मतदान 25 सितम्बर को प्रातः 10 से दो वजे तक होगा। ऑल इंडिया फेडरेशनल ऑफ यूनवर्सिटी एण्ड कॉलेज टीचर्स आर्गनाइजेश के उपाध्यक्ष डा. विवेक द्विवेदी को चुनाव अधिकारी बनाया गया है।

चुनाव में अध्यक्ष पद पर चार, उपाध्यक्ष पर नौ, उपाध्यक्ष महिला पद पर चार, महामंत्री के लिए दो, संयुक्त मंत्री के लिए सात, संयुक्त मंत्री महिला के लिए तीन, कोषाध्यक्ष के लिए चार, सहमंत्री के लिए एक, कार्यालय सचिव के लिए दो, जोनल सचिव जोन एक के लिए चार, जोन दो के लिए दो, जोन तीन के लिए तीन तथा जोन चार के लिए एक उम्मीदवाद ने नामांकान किया है।

VoL PAGE 5

चार विषयों की च्वॉइस फिलिंग पूरी, 23 तक जमा होगी फीस

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक प्रवेश परीक्षा के तहत मंगलवार को चार विषयों की च्वाइस फिलिंग पूरी हुई। इसमें बीकॉम, बीकॉम आनर्स, एलएलबी पंच वर्षीय, बीजेएमसी, बीएलएल, बीएससीएग्रीकल्चर और बीएफए व बीवीए की च्वाइस फिलिंग समाप्त हो गयी थी। इसकी जानकारी देते हुए प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि मेरिट एवं च्वाइस के आधार पर सीट आवंटन कर दिया गया है। अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एडमिशन पेज पर जाकर अपने लॉगिन आईडी का प्रयोग करके अपनी सीट आवंटन दिनांक 21 सितंबर को दोपहर 12 बजे के बाद देख लें। जो अभ्यर्थी आवंटित सीट पर प्रवेश चाहते है वह ऑनलाइन फीस जमा कर दें। अगर किसी अभ्यर्थी को उसकी प्रथम च्वाइस (वरीयता) नहीं आवंटित हुई है तो वह सीट कंफर्मेशन फीस ऑनलाइन जमा करके अपग्रेडेशन का चयन कर सकता है। सीट कंफर्मेशन फीस जमा करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर को रात 12 बजे तक है।

एलएलएम दूसरे, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 से

परीक्षा विभाग ने जारी किया परीक्षा कार्यक्रम

LUCKNOW (20 Sept): लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को एलएलएम दूसरे व चौथे रेगुलर (सीबीसीएस) सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया. दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 सितंबर से 12 अक्टूबर तक होंगी. वहीं, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाओं की तिथि 24 से 30 सितंबर तय की गई है. छात्र-छात्राएं वेबसाइट से परीक्षा कार्यक्रम डाउनलोड कर सकते हैं.

एलएलएम दूसरा सेमेस्टर

24 सितंबर-लीगल फिलासफी-2, 26 सितंबर-ला एंड जस्टिस इन ग्लोबलाइज्ड वर्ल्ड, 28 सितंबर-फैमिली जूरिस्प्रूडेंस, 30 सितंबर-रिसर्च मेथेडोलाजी, आठ अक्टूबर-एल्टरनेट डिस्प्यूट रेसोलुशन, 10 अक्टूबर क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम एंड एचआर, 12 अक्टूबर-इंडियन सोसाइटी एंड कल्चर, सोशल सिक्यूरिटी ला एंड इंडिया.

एलएलएम चौथा सेमेस्टर

24 सितंबर- स्पेशल कांट्रैक्ट एंड ई-कांट्रैक्ट, 26 सितंबर-इंट्रा डिपार्टमेंटल साइबर ला, सिक्यूरिटी ला, 28 सितंबर-इलेक्टिव-1, 30 सितंबर-इलेक्टिव-2

शारीरिक शिक्षा की परीक्षा

लखनऊ विश्वविद्यालय कैंपस के बीए द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2021-22 के जिन छात्रों के पास शारीरिक शिक्षा विषय है, उनकी प्रयोगात्मक परीक्षा 28 सितंबर को सुबह साढ़े छह बजे से होगी. छात्रों को अपनी फाइल व किट के साथ शारीरिक शिक्षा विभाग के छत्रपति शिवाजी मैदान पर समय से पहुंचना होगा.

विभागों को सुरक्षित रखना होगा ब्योरा

LUCKNOW (20 Sept) : लखनऊ विश्वविद्यालय के सभी विभागों को वर्तमान सत्र में संचालित कक्षाओं से लेकर उसमें पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति, अनुक्रमांक, एनरोलमेंट नंबर, परीक्षा में उनकी उपस्थिति आदि का पूरा विवरण संरक्षित रखना होगा. सत्र के अंत में छात्रवृत्ति अनुभाग को यह ब्योरा उपलब्ध कराया जाएगा. यह सारी व्यवस्था दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं

शुल्क प्रतिपूर्ति में की गई सख्ती को देखते हुए की गई है. इस संबंध में कुलसचिव संजय मेधावी ने मंगलवार को सभी संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों एवं सभी निदेशक व कोआर्डिनेटर को पत्र जारी किया है.

दरअसल, समाज कल्याण विभाग की ओर से दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया में कई बदलाव के साथ-साथ सभी स्तर पर जवाबदेही भी तय कर दी गई है. पिछले सत्र (2021-22) में शुल्क प्रतिपूर्ति एवं छात्रवृत्ति पाने वाले विद्यार्थियों की कुल संचालित कक्षाओं के सापेक्ष उपस्थिति पोर्टल पर पहले ही अनिवार्य रूप से अपलोड करने के लिए कहा जा चुका है.